**जहाज एमएफवी मत्स्य वर्षिणी पर बी.एफ.एस.सी. के छात्रों का दौरा (06.01.2023)**

कॉलेज ऑफ फिशरीज, बिहार से **34** बी.एफ.एस.सी स्नातक और धनलक्ष्मी इंजीनियरिंग कॉलेज, त्रिची के **02** बी.टेक फूड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ दिनांक **06.01.2023** को जहाज एमएफवी मत्स्य वर्षिणी का दौरा किया। उन्हें मछली पकड़ने के विभिन्न प्रकार के गियर और इसके संचालन के तरीके और जहाज पर उपलब्ध नौवहन उपकरणों के उपयोग से परिचित कराया गया। साथ ही, उन्हें समुद्री सुरक्षा और अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।

